बहुत सारे ऊदबिलाव

बारबरा हेलेन बर्जर

हिंदी: नित्या गर्ग







बहुत सारे ऊदबिलाव

बारबरा हेलेन बर्जर

हिंदी: नित्या गर्ग



चाँद माँ अपने बच्चे को ढूंढ रही थी.

"मेरी चाँदनी कहाँ है?

कहाँ है ---?"



उफ़्फ़ ----





चाँद माँ अपने बच्चे को ढूंढ रही थी।

"मेरी चंदा कहाँ है?

कहाँ है मेरा छोटा सा बच्चा?"







माँ बारबार पुकार रही थी

वह लगातार रोए रोए जा रही थी।


उसकी आँख से गिरे हरेक आंसू के साथ

एक तारा भी समुद्र में गिर रहा था।



कुछ ऊदबिलावों ने उन तारों को गिरते देखा।

फिर उन्होंने अँधेरे समुद्र में नीचे गोते लगाए।



बहुत नीचे गहराई में,



वे सब तारों को ऊपर समुद्र
की सतह पर लाए।








सारे ऊदबिलाव, तारों को चख रहे थे।

वो सब तारों की रौशनी को अपने
फ़र और खाल पर रगड़ रहे थे।



सब ऊदबिलाव चारों ओर खूब उछल कूद
और मौज मस्ती कर रहे थे।

जिससे उन्होंने रौशनी का एक
चमकदार तहलका सा मचा दिया था।
चन्द्रमा माँ ने वो सब देखा।







"मेरा चंदा? मेरा छोटा सा बच्चा?"

माँ दौड़ती हुई बादलों से बाहर आई,

अँधेरे से बाहर, गहराई से ऊपर आई।

वहां उसने अपने बच्चे को खोज लिया,

जो सारे ऊदबिलावों के साथ सुरक्षित था।





तारों के समुद्र में







"मेरी चांदनी कहाँ है?

कहाँ है मेरा छोटा सा बच्चा?"

चंदा माँ अपने बच्चे को ढूंढ रही है। जब वो अपने बच्चे को पुकारती है, तब उसके आंसू तारे बनकर समुद्र में गिरतें हैं और उसके छोटे से बच्चे को बहुत सारे ऊदबिलाव ढूंढ लेते हैं। और जब सब खेलते-कूदते ऊदबिलाव तारों की रौशनी में उछल कूद और मज़ा कर रहे होते हैं, तभी चंदा माँ नीचे देखती है और उसे सब ऊदबिलावों के बीच अपना बच्चा दिखाई देता है। बच्चा सुरक्षित और शांत है। बारबरा हेलेन बर्जर ने काव्यात्मक शब्दों और चमकदार चित्रण का इस स्वप्न जैसी कहानी में अति सुंदरता से प्रयोग किया है। जिससे ये एक सोते समय सुनी जाने वाली कहानियों के लिए अति उत्तम है।

